# राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय

## *विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड की सत्रहवीं बैठक*

*(दिनांक 07 फरवरी, 2017)*
*का*

## कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड की सत्रहवीं बैठक दिनांक 07 फरवरी, 2017 को माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) कर्नल ए.के गहलोत की अध्यक्षता में कुलपति सचिवालय के कांफ्रेस हॉल में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूचि **संलग्नक–1** पर है।

सदन की कार्यवाही राजुवास कुलगीत से प्रारंभ की गई। माननीय कुलपति महोदय द्वारा माननीय प्रबंध बोर्ड के सदस्यों का पुष्प–गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात् माननीय कुलपति महोदय द्वारा उद्बोधन किया गया।

| एजेंडा सं. | प्रस्ताव एवं कार्यवाही |
|---|---|
| 17/ए | विश्वविद्यालय द्वारा अब तक की गई प्रगति का संक्षिप्त विवरण मौखिक रूप से माननीय कुलपति द्वारा सदन में पेश<br>माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) कर्नल ए.के गहलोत ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए गत बैठक के उपरांत आदिनांक तक विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक, अनुसंधान एवं विस्तार क्षेत्र में की गई आशातीत प्रगति से अवगत करवाया। माननीय महोदय ने विगत दिवसों में हुई बैठकों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए कहा कि राजुवास के सभी परिसरों में चार स्तरीय शिक्षा यथा डिप्लोमा, स्नातक डिग्री, स्नातकोत्तर डिग्री एवं पीएच.डी. डिग्री को और सुदृढ़ बनाया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा कौशल विकास के अन्तर्गत राज्य के किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। माननीय कुलपति महोदय ने बताया कि इस वर्ष से विश्वविद्यालय में एम.एस.वी.ई. रेग्यूलेशन, 2016 लागू किया जा रहा है। आपने सदन में उपस्थित सभी सदस्यों को यह भी अवगत करवाया कि आई.सी.ए.आर. की एक्रेडिटेशन टीम जिसने दिनांक 6 से 9 सितम्बर, 2016 तक विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों यथा बीकानेर, उदयपुर एवं जयपुर परिसरों का भ्रमण किया था एवं विश्वविद्यालय द्वारा सृजित |

| | |
|---|---|
| | शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार सुविधाओं का व्यक्तिशः निरीक्षण एवं सेल्फ स्टडी रिपोर्ट के आधार पर विश्वविद्यालय एवं वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर को एक्रेडिटेड किया गया था। टीम की अनुशंषा के आधार पर आई.सी.ए.आर. द्वारा यह सूचित किया गया कि वेटरनरी कॉलेज, नवानिया--वल्लभनगर (उदयपुर) एवं पीजीआईवीईआर, जयपुर को उनके प्रथम बैच के उत्तीर्ण होने के उपरांत एक्रेडिटेड करने की कार्यवाही की जायेगी। माननीय कुलपति महोदय ने यह बताया कि माननीय कुलाधिपति महोदय के निर्देशानुसार "चान्सलर्स गोल्ड मेडल" प्रदान किये जाने, नये प्रारंभ किये जाने वाले पाठ्यक्रम साईबर क्राईम के संबंध में शिक्षा, शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार के लिए फैकल्टी के नियमित प्रशिक्षण के लिए रोस्टर तैयार करने, जिन शिक्षकों ने अभी तक इस प्रकार का प्रशिक्षण नहीं लिया है उन्हें प्राथमिकता से प्रशिक्षण प्रदान करने, महाविद्यालय स्तर की "कमेटी ऑफ कॉर्सेज" को पुनर्नामित कर "सलेबस रिव्यू कमेटी" करने, जिसकी वर्ष में कम से कम दो बार बैठक हों एवं सलेबस के संबंध में सुझाव देने होंगे, पशुपालन डिप्लोमा संस्थानों में प्रवेश क्षमता 75 तथा 100 सीटों तक बढ़ाने के सुझाव हेतु कमेटी गठित करने संबंधी मुद्दों का अनुमोदन अकादमिक परिषद की बैठक में कर दिया गया है, के बारे में विस्तार से बताया।<br><br>माननीय कुलपति महोदय ने सदन को दिनांक 05.02.2017 को आयोजित एक्सटेंशन काउन्सिल की बैठक में प्रस्तुत एवं अनुमोदित मुद्दों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि किसानों एवं पशुपालकों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिपादित तकनीकों, पशु रोगों के संबंध में जानकारियां, उनके उपचार इत्यादि के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन की स्थापना की जा रही है। यह भी बताया कि संभवतया प्रदेश के किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्तर पर कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन की स्थापना प्रथम प्रयास होगा। इस बाबत |

| | |
|---|---|
| | प्रबंध बोर्ड के माननीय सदस्य, श्री राजेन्द्र सिंह भादू, विधायक, सूरतगढ ने बताया कि तकनीकि तथ्यों की जानकारी की उपलब्धता को जांचते हुए एक कम्यूनिटी रेडियो सेन्टर सूरतगढ़ में भी स्थापित किया जाये एवं इस संबंध में व्यय अपने विधायक कोटे से उपलब्ध करवाने की घोषणा की, जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने सराहा एवं करतल ध्वनि से इस घोषणा का स्वागत किया। सदन को यह भी अवगत करवाया कि नये कार्यक्रमों के तहत विश्वविद्यालय के वल्लभनगर परिसर में प्रथम स्तर पर रंगीन मछलियों का उत्पादन एवं विपणन प्रारंभ कर दिया गया है एवं शीघ्र ही टेबल मछलियों के उत्पादन को प्रारंभ किया जायेगा।<br>साथ ही कुलपति महोदय ने सदन को एग्रीकल्चर स्किल डवलपमेन्ट कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया एवं रिलायन्स फाउंडेशन फॉर इन्फोरमेशन सर्विस (आई.एफ.आई.एस.) के साथ किये जाने वाले एम.ओ. यू. से अवगत करवाया। आर.एफ.आई.एस. के साथ किये गये एम.ओ.यू. के बारे में बताते हुए कहा कि इससे एस.एम.एस टेक्स्ट एवं वॉइस मेसेज के माध्यम से विश्वविद्यालय की "एडवाईजरी" संबंधी जानकारियां प्रदान की जा सकेंगी, ताकि पशुपालकों को अतिशीघ्र पशुओं के रोग, उपचार आदि से संबंधित जानकारी मिल सके। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ की गई टोल–फ्री हैल्प लाईन सुविधा की जानकारी दी जो विद्यार्थियों, पशुपालकों एवं आमजन के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस हैल्प–लाईन से हुई वार्ता की रिकॉडिंग भी की जाती है एवं कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से विषय विशेषज्ञों से किसी भी प्रकार की समस्या का तुरंत निदान प्रदान किया जाता है। भविष्य में इस हैल्प लाईन के माध्यम से पशुपालन विभाग के विशेषज्ञों की सेवायें प्राप्त करने की योजना है। रोगों के किटाणुओं की पहचान करने लिए हाल ही में एक मशीन क्रय की गई है जिससे रोगों के किटाणुओं के एंटिबॉयोटिक्स के प्रतिरक्षण संबंधी जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होनं यह भी अवगत करवाया कि देश की प्रथम पशु |

| | |
|---|---|
| | सी.टी. स्केन मशीन राजुवास में स्थापित की गई है, इनसे रोगों के निदान में प्रभावी मदद मिल रही है।<br><br>माननीय कुलपति महोदय ने सदन में खुशी जाहिर करते हुए उपस्थित सदस्यों को बताया कि प्रदेश का पहला 100 किलो वाट का सोलर प्लान्ट, बीकानेर में विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित किया जा रहा है। इस बाबत 55 लाख रूपये की राशि विश्वविद्यालय द्वारा वहन की जायेगी तथा 25 लाख रूपये की राशि राज्य सरकार से सब्सीडी के रूप में प्राप्त होने की आशा है।<br><br>माननीय कुलपति महोदय ने सदन को बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा राजुवास को 17वे एग्रीयूनीफेस्ट के आयोजन की महती जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसमें देश के 70 से अधिक कृषि, पशुचिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालयों एवं आईसीएआर संस्थानों से लगभग 2000 छात्र–छात्राओं के भाग लेने की संभावना है।<br><br>माननीय कुलपति महोदय ने दिनांक 06.02.2017 को आयोजित रिसर्च काउन्सिल की बैठक में प्रस्तुत एवं अनुमोदित मुद्दों के बारे में विस्तार से बताये हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने एक एतिहासिक निर्णय करते हुए पशुपालन में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के मद्देनजर सभी पशुधन अनुसंधान केन्द्रों पर स्वचालित मौसम केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। राज्य सरकार आगामी दो वर्षों में दुग्ध उत्पादन लक्ष्य दुगुना करने की योजना है, इस संबंध में पशुपालकों की विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कौशल विकास कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।<br><br>माननीय कुलपति महोदय ने प्रबंध बोर्ड के माननीय सदस्यों को बताया कि हाल ही में Peral Foundation, Maduari (Tamil Nadu) |

| | |
|---|---|
| | Pearl Foundation Educational Excellence Awards to Higher Education in India-2016 की घोषणा की गई थी जिसमें राजुवास के कुलपति प्रो. (डॉ.) कर्नल ए.के. गहलोत को Pearl Foundation Best Vice-Chancellor Award से नवाजा गया। साथ ही राजुवास को Pearl Foundation Outstanding Agricultural Institution Award, Pearl Foundation Best ICT Teaching/Digital Technology Using Institution Award and Pearl Foundation Best Water Conservation/Management Practices Award सुशोभित किया गया। |
| 17/बी | प्रबंध बोर्ड की गत बैठक दिनांक 16.04.2016 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा गत बैठक दिनांक 16.04.2016 के कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया। |
| 17/सी | प्रबंध बोर्ड बैठक दिनांक 16.04.2016 की कार्यवाही की पालना रिपोर्ट (Action Taken Report) का अनुमोदन |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा गत बैठक दिनांक 16.04.2016 की कार्यवाही की पालना रिपोर्ट का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया। |
| 17/डी | अकादमिक परिषद की दसवीं बैठक दिनांक 04.02.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन। |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा अकादमिक परिषद बैठक दिनांक 04.02.2017 की कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया। |
| 17/ई | वित्त समिति की छठी बैठक दिनांक 23.07.2016 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा वित्त समिति की छठी बैठक दिनांक 23.07. 2016 के कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया। |
| 17/एफ | विस्तार शिक्षा काउंसिल की बैठक दिनांक 05.02.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा विस्तार शिक्षा काउंसिल की बैठक दिनांक 05. |

| | |
|---|---|
| | 02.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| 17 / जी | रिसर्च काउंसिल की बैठक दिनांक 06.02.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड के सदस्यों द्वारा रिसर्च काउंसिल की बैठक दिनांक 06.02.2017 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| 17 / एच | To consider granting one time relaxation for a period of one year in the experience prescribed for promotion (inline) on Non-Teaching posts in Ministerial & Technical cadre, which are to be filed through promotion, on the analogy of GOR circular No. F.7(2)DOP/A-2/2006 Part-II dated 08.05.2015. |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा इस एजेन्डा पर विस्तृत चर्चा करते हुए वर्ष 2017–18 तक one time relaxation for a period of one year in the experience prescribed for promotion (inline) on Non-Teaching posts in Ministerial & Technical cadre, which are to be filed through promotion, on the analogy of GOR circular No. F.7(2)DOP/A-2/2006 Part-II dated 08.05.2015 का अनुमोदन वर्ष 2017–18 तक के लिए किया गया। |
| 17 / आई | To consider making confirmation of the employees (Teaching & Non-Teaching) who have successfully completed their probation including those were transferred (from SKRAU, Bikaner & MPUAT, Udaipur) with the Units at the time of establishment of RAJUVAS on 13.05.2010. |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा एजेन्डा का अनुमोदन किया गया। |
| 17 / जे | To consider filling up 50% vacant post of Assistant Registrar/ A.O. and equivalent as the case may be through promotion from those existing Section Officer/AAO grade I/equivalent who fulfills the qualifications and experience prescribed for the post of Assistant Registrar and equivalent on the basis of |

| | |
|---|---|
| | Seniority cum Merit, in view of communication No. 1-32/2006-U.II/U.I (II) dated 31.12.2008 and F.3-12009/U.I(II) dated 04.06.2009 from the Government of India Ministry of HRD to UGC. |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा एजेन्डा का अनुमोदन किया गया। |
| 17 / के | To report the order passed by the University. |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा प्रस्तुत आदेशों का अवलोकन एवं अनुमोदन किया गया। |
| 17 / एल | Any other item with the permission of the Chair. |
| 17 / एल–1 | With reference to Resolution 15/S and 15/B dated 3108.2015 read with Reso. No. 16/D and 16/N dated 16.04.2016 of BOM, to consider the report of the committee consisting of Dean and Faculty Chairman and Comptroller, RAJUVAS, Bikaner constituted to examine the matter pertaining to grant of hard duty allowance, determination of equlance of post and approval of procedure approved by Controller of Examination for conduct of AHDP exam at the level of Controller of Examination. (Report of the committee enclosed) |
| निर्णय | प्रबंध बोर्ड द्वारा प्रस्तुत एजेन्डे का अनुमोदन किया गया। |
| 17 / एम | माननीय प्रबंध बोर्ड की बैठक दिनांक 16.04.2016 के एजेण्डा सं. 16 / एच के संदर्भ में अशैक्षणिक कर्मचारियों के लिये शैक्षणिक भ्रमण योजना के अन्तर्गत सदन द्वारा इस योजना के विषय में वित्तिय व्यवस्था एवं इसकी उपयोगिता में जानकारी चाही गई थी वांछित सूचना प्रस्तुत की गई है। |
| निर्णय | प्रबंध बोर्ड द्वारा प्रस्तुत एजेन्डे का अनुमोदन किया गया। |
| 17 / एन | प्रबंध बोर्ड की बैठक दिनांक 16.04.2016 के एजेण्डा सं. 16 / आई के संदर्भ में चल–वैजयंती खेलकूद प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित किये जाने के संबंध में पूर्ण सूचनाओं सहित प्रस्ताव प्रस्तुत है। |

| | |
|---|---|
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा प्रस्तुत एजेन्डे का अनुमोदन किया गया। |
| 17/ओ | आंतरिक वातावरण मूल्यांकन समिति की रिपोर्ट–2016 |
| निर्णय | माननीय माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन कर स्वीकार किया गया। साथ ही बोर्ड ने अनुषंशा की कि इस रिपोर्ट के आधार पर फेज्ड मेनर में Implementation Action Plan भी बनाई जावे। |
| 17/पी | To consider granting appointment to Sh. Naresh Kumar Gaur adopted son of Late Sh. Ramesh Kumar Gaur, Ex-Class-IV employee, CVAS, Bikaner on the post of, on compassionate ground. |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा प्रकरण पर चर्चा करते हुए प्रस्तुत एजेन्डे का इस आशय के साथ अनुमोदन किया गया कि इस बाबत एक अधिसूचना न्यूजपेपर में प्रकाशित करवा दी जाये कि परिवार के किसी भी सदस्य को इस बाबत् आपत्ति हो तो नियत अवधि में विश्वविद्यालय प्रशासन को लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। नियत अवधि के पश्चात् अनुकम्पात्मक नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जावे। |
| 17/क्यू | To consider declaring CVAS, Navania, campus as south campus of the RAJUVAS. |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड ने विश्वविद्यालय के नवानियां परिसर को राजुवास विश्वविद्यालय का "साउथ कैम्पस" घोषित किये जाने का अनुमोदन किया। |
| 17/आर | To report communication No. F. Edn.1/4/2011-EQR dated 18th November, 2016 from Dy. Director General (Agril. Edn.), ICAR, New Delhi granting ICAR Accreditation to the Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences, Bikaner for a period of five years 2016-17 to 2020-21. |

| | |
|---|---|
| निर्णय | माननीय सदस्यों द्वारा ICAR द्वारा Accreditation प्रदान किये जाने पर खुशी जाहिर की एवं कुलपति एवं सभी अधिकारियों को बधाई दी। साथ ही सुझाव दिया कि जिन दोनों महाविद्यालयों का अधिस्वीकरण बाकी है, में भी इस बाबत उचित कदम उठाये जावें। |
| 17 / एस | To consider granting Hard Duty Allowance to Rs. 500/- p.m. to the person(s) who is/are driving vehicles of University Officers in RAJUVAS. |
| निर्णय | माननीय प्रबंध बोर्ड द्वारा प्रस्तुत एजेन्डे का अनुमोदन इस आशय के साथ किया कि यह भत्ता उन्हीं नियमित नियुक्त व्यक्तियों को देय होगा जो वाहन चालक के रूप में एक्टिव सेवा दे रहे है। यह भत्ता निरंतर एक माह या अधिक समय तक अवकाश में रहने पर अवकाश की अवधि के लिए देय नहीं होगा। |

The meeting ended with a vote of thanks to the Chair.

Sd/-
**(B.R. Meena)**
**REGISTRAR**

No. F.(2)/RAJUVAS/~~Estt~~/BOM-17/2017/ 90 Dated: 8/3/2017

Copy for information and necessary action to:

1. ~~Pr.~~ Secretary to Hon'ble Governor and Chancellor, Raj Bhawan, Jaipur (Raj.)
2. PS to Vice-Chancellor, RAJUVAS, Bikaner for kind perusal of the Hon'ble Vice-Chancellor.
3. All Hon'ble members of Board of Management, RAJUVAS, Bikaner.
4. All Deans/Directors/University Officer, RAJUVAS, Bikaner.

8/3/2017

**(B.R. Meena)**
**REGISTRAR**

**Annexure-1**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Dr. A.K. Gahlot, Hon'ble Vice-Chancellor, RAJUVAS | **In Chair** |
| 2. | Sh. Rajendra Singh Bhadoo, MLA, Suratgarh | **Member** |
| 3. | Dr. Ajay Kumar Gupta, Director, Animal Husbandry Department, Jaipur | **Member** |
| 4. | Dr. Amit Nain, Village Bodiwala Pitha, P.O. Khui-Khera, Teh & District, Pujnab | **Member** |
| 5. | Dr. A.P. Vyas, Bikaner | **Member** |
| 6. | Dr. G.S. Manohar, Dean & Chairman Faculty, CVAS, Bikaner | **Member** |
| 7. | Dr. A.P. Singh, Professor, Department of Veterinary Medicine, CVAS, Bikaner | **Member** |
| 8. | Sh. Balram Saharan, Gram Dhaba, Suratgarh | **Member** |
| 9. | Smt. Kamna Choudhary, Advocate, Choudhary Sadan, Sadul Ganj, Bikaner | **Member** |
| 10. | Dr. Bharti Upneja, (Rep. M.D., RCDF) | **Member** |
| 11. | Dr. Rakesh Rao, Director Research, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 12. | Dr. S.K. Kashyap, Dean , PGS, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 13. | Dr. S.S. Soni, C.O.E., RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 14. | Dr. R.K.Singh, Director, PME, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 15. | Dr. S.C. Goswami, Dean, Student Welfare, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 16. | Dr. J.S. Mehta, Director Clinics, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 17. | Dr. R.K. Dhuria, Director, Extension Education, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 18. | Sh. Arvind Bishnoi, Comptroller, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 19. | Er. M.R.Choudhary, Director Works (E.O.), RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 20. | Dr. Ashok Dangi, Inchrge, IUMS, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 21. | Sh. Dinesh Chandra Saxena, PRO, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 22. | Sh. B.R.Meena, Registrar RAJUVAS, Bikaner | **Member Secretary** |